# मेरा सांवरा सलोना घनश्याम

( कजरारी तेरी आँखों में, क्या भरा हुआ, कुछ टोना है ॥
तेरा कुहसन औरो का मरण, बस जान से हाथ धोना है
क्या खूब यह हुस्न बयान करूँ ॥, तूँ सुंदर श्याम सलोना है
सड़क किशोरी प्राण धन, 'तूँ ब्रिज का एक खिलौना है ॥ ')

मेरा सांवरा सलोना घनश्याम
तेरे नैना बड़े रसीले, मोटे मोटे बड़े कटीले ॥,
तैनू नज़र नहीं लग जावे ॥, मेरे श्याम
मेरा सांवरा सलोना घनश्याम,,,,,,,,,,,

सच्चे आशिक को तड़पाना,
ये तो अच्छी बात नहीं है ॥
हाँ ये भी मैंने माना, मेरे जैसे और कई हैं ॥
मैं भी हुई दीवानी ॥, मेरे श्याम
मेरा सांवरा सलोना घनश्याम,,,,,,,,,,,,

तूँ दिल की पीर न जाने बैठा, बैठा करे इशारे ॥
मेरे दिल की पीर न जाने, बस मुरली को मधुर बजावे ॥
सुन मुरली के ये ताने ॥, निकले प्राण
मेरा सांवरा सलोना घनश्याम,,,,,,,,,,,,

मैंने तेरी प्रीत आ के मोहन, छोड़ी दुनियां सारी ॥
पहले प्रीत लगा के मोहन, अब करते होशियारी ॥
मैं तो गली गली में ॥, हो गई बदनाम
मेरा सांवरा सलोना घनश्याम,,,,,,,,,,,,
अपलोड कर्ता- अनिल भोपाल बाघीओ वाले

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6389/title/mera-sanwara-salona-ghanshyam-tere-naina-bade-raseele-mote-mote-bade-katele

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |